शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

# बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ♦ Website : www.banswarapariyojana.com

माह - नवंबर 2018 (भाद्रपद-अश्विन) युगाब्द-5120-5121 वि.सं.-2075-2076 अंक - 3

## पूर्व छात्र सम्मेलन

**प्रतिवर्ष की ही भांति इस वर्ष भी बांसवाड़ा परियोजना द्वारा संचालित विद्यालयों एवं छात्रावासों से अपनी आरम्भिक शिक्षा पूर्ण करने वाले पूर्व छात्र छात्राओं का स्नेह मिलन चार स्थानों पर दिनांक 9-10 दिसंबर को  गांगडतलाई, घोड़ीतेजपुर, मोहकमपुरा एवं सज्जनगढ़  (जिला बांसवाड़ा ) में सम्पन्न हुऐ। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र, शासकीय सेवा व् निजी संस्थानों में कार्यरत, वकील , किसान, निजी व्यवसाय करने वाले  285 पूर्व छात्र एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। परिचय, खेल, राष्ट्रीय एवं अन्य विषयों पर संवाद, बांसवाड़ा परियोजना में स्वयं की भूमिका आदि पर चर्चा की गयी।**





पूर्व छात्र एवं कार्यकर्ता सम्मेलन

## भजन मंडली प्रमुख एवं कोटवाल सम्मेलन

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी बांसवाड़ा , डूंगरपुर , एवं प्रतापगढ़ जिले के जनजाति समाज में चलने वाले परंपरागत भजन मंडलियों के प्रमुखों (कोटवालों ) का एक दिवसीय सम्मेलन दिनांक 17 नवंबर 2018 को भारत माता मंदिर में संपन्न हुआ , इसमें 358 गाँवों की 585 भजनमंडलियों के प्रमुखों (कोटवालों ) ने भाग लिया। सभी भजन मंडली प्रमुखों ने अपने क्षेत्र में साप्ताहिक भजन मंडली के आयोजन करने , गोवंश रक्षण एवं संवर्धन करने व् देवरों के निर्माण हेतु संकल्प लिया।




भजन मंडली एवं कोटवाल सम्मेलन उद्घाटन सत्र



सम्मेलन में उपस्थित जन

Subscribe | Past Issues | Translate

बांसवाड़ा परियोजना द्वारा आयोजित वार्षिक विज्ञानं मेला इस बार मोहकम पूरा में संपन्न हुआ। इस वर्ष भी बांसवाड़ा परियोजना द्वारा  संचालित 38 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के  विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का ( कक्षा 9 से 12 )  के छात्र-छात्राओं का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 27 व 28 नवम्बर को श्री राम उच्च माध्यमिक विद्या निकेतन मोहकमपुरा जिला बांसवाड़ा  में आयोजित किया गया , इसमें 326 छात्र एवं 72 छात्राओं  ने भाग लिया ,  70 अध्यापकों के मार्गदर्शन में विज्ञान से सम्बंधित  62   मॉडल्स बनाये , जिनमें वायु प्रदूषण नियंत्रण यन्त्र, जैविक खेती , मानव शरीर संरचन, ग्लोबल वार्मिंग , आदर्श हिन्दू घर आदि अनेंको विषय पर मॉडल की संरचना की गयी। शोभायात्रा , क्विज प्रतियोगिता , शारीरिक व्यायाम , योग , एवं प्रश्नोत्तरी के कार्यक्रम संपन्न हुए। विज्ञान मेले में प्रदर्शित मॉडल्स को देखने के लिए अन्य विद्यालयों के छात्र एवं स्थानीय जन बड़ी मात्रा में आये।




विज्ञान मेला आरम्भ मार्च पास्ट विद्यार्थियों द्वारा , मोहकमपुरा



विज्ञान मेला आरम्भ मार्च पास्ट विद्यार्थियों द्वारा , मोहकमपुरा



विज्ञान मॉडल का विश्लेषण करते हुए विद्यार्थी

## संस्कृति दीक्षा समारोह

**ग्राम अगोरिया तहसील सज्जनगढ़ जिला बांसवाड़ा एवं बाकानेर जिला बांसवाड़ा में क्रमशः 11 एवं 13 नवंबर को संस्कृति दीक्षा का कार्यक्रम संतों के सांनिंध्य में संपन्न हुआ, जिसमें 580 जनजाति समाज के बंधुओं, बहिनों ने हवन यज्ञ में सम्मिलित होकर सामूहिक आहुतियां दी। कार्यक्रम में 580 सदस्यों ने दीक्षा ग्रहण की।**



हवन एवं पूजन ,ग्राम अगेरिया , सज्जनगढ़ पंचायत



हवन एवं पूजन ,ग्राम बाकानेर , कुशलगढ़ पंचायत

*Copyright © 2018 BANSWARA PARIYOJANA, All rights reserved.*
WWW.BANSWARAPARIYOJANA.COM

**Our mailing address is:**
bharatmatamandirnyas@gmail.com

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

This email was sent to <<Email Address>>
*why did I get this?* unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India